सम्मान रैली | एक दिवसीय उपवास एवं शिक्षक अधिकार सम्मान रैली निकाली

शिक्षकों के सम्मान में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मैदान में





नवभारत, बालाघाट। रविवार को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला बालाघाट द्वारा एक दिवसीय उपवास एवं शिक्षक अधिकार सम्मान रैली का आयोजन किया गया।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन एवं जिला सचिव एमन्त ठाकरे द्वारा संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि अध्यापक शिक्षक के अधिकार एवं सम्मान के साथ मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ज्यादाति की जा रही है। इस संबंध में आगे बताया गया कि आज पूरे मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक दिवसीय उपवास धरना एवं रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन सौपा जा रहा है। इसी कड़ी में बालाघाट जिले में भी आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की निम्नांकित लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर माननीय जिला कलेक्टर महोदय जिला बालाघाट को हजारों शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा गया।

मांगे : वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को (टीईटी) शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखा जावे।, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाये।, अध्यापक शिक्षक संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाशों के नगदी करण का लाभ प्रदान किया जाये।, अव्यवहारिक ई अटेंडेंस बंद की जाय।, हड़ताल अवधि (सितंबर 2022) का वेतन भुगतान किया जाय।, लंबित क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए जाय।, जबलपुर संभाग के पदोन्नति प्राप्त उच्च माध्यमिक शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश जारी करवाया जाए।

उक्त कार्यक्रम जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन के नेतृत्व में संपन्न हुआ एवं इस कार्यक्रम में प्रांतीय महासचिव अरविन्द पारधी, प्रांतीय सचिव कमलनाथ पाराशर, प्रांतीय उपाध्यक्ष कुलदीप कटरे जिला पदाधिकारी एवं समस्त ब्लॉकों के संगठन के पदाधिकारी साथ ही हजारों अध्यापक शिक्षक संवर्ग की शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही। एवं संघ के पदाधिकारियो द्वारा हजारों की संख्या मे उपस्थित विशाल शिक्षक समुदाय का आभार व्यक्त किया गया। एवं अगले सप्ताह 27 सितंबर से भोपाल में शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आमरण अनशन कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई।

थाना रुपझर पुलिस ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

थाना परिसर से लेकर सड़क और पुल तक की सफाई, पेड़-पौधों की भी की गई छंटाई



नवभारत, परसवाड़ा। स्वच्छता और जनहित की भावना को ध्यान में रखते हुए थाना रुपझर पुलिस द्वारा श्रमदान कर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। रूपझर थाना प्रभारी कामेश धुमकेती के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने थाना परिसर के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

श्रमदान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा थाना परिसर में जमा कचरे एवं अनावश्यक सामग्री की सफाई की गई। इसके साथ ही थाने के बाहर सड़क के दोनों ओर बढ़े हुए एवं अनुपयोगी पेड़-पौधों तथा झाड़ियों की छंटाई की गई। सड़क किनारे फैली झाड़ियों और पेड़-पौधों के कारण वाहन चालकों को होने वाली परेशानी तथा दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए उन्हें व्यवस्थित किया गया।


पुलिस स्टाफ द्वारा पुल के ऊपर जमा मिट्टी, कचरा एवं घास की भी सफाई की गई। पुल एवं सड़क के आसपास गंदगी जमा होने से जहां वातावरण प्रभावित होता है, वहीं यातायात के दौरान भी परेशानी उत्पन्न हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों ने स्वयं श्रमदान कर क्षेत्र को साफ एवं व्यवस्थित किया।

पुलिस द्वारा किए गए इस प्रयास का उद्देश्य केवल थाना परिसर की सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आमजन को भी अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस स्टाफ ने संदेश दिया कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि सभी लोग अपने घर, मोहल्ले, सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तो गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है।

स्वच्छ वातावरण रहने से गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों की संभावनाओं को भी कम किया जा सकता है। वहीं सड़क किनारे अनावश्यक झाड़ियों एवं पेड़-पौधों की छंटाई से वाहन चालकों को सड़क स्पष्ट दिखाई देने में मदद मिलेगी और दुर्घटना की संभावनाओं को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

थाना रुपझर पुलिस के इस श्रमदान से 'स्वच्छ रुपझर, सुंदर रुपझर' का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचा। पुलिस द्वारा स्वयं आगे बढ़कर किए गए इस स्वच्छता कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

इस स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान में थाना प्रभारी कामेश धुमकेती सहित थाना रुपझर के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



सरस्वती नगर चौक



श्याम टॉकीज के सामने



बालाघाट के राजा



पुराना राम मंदिर के पास



काली पुतली चौक



गोली मोहल्ला बालाघाट



भटेरा रोड



बुढ़ी फाटक



दीनदयाल पुरम

एक नजर में

किरनापुर आंदोलन में पुलिस कार्यवाही से फंस रहे है निर्दोष

नवभारत, बालाघाट। विगत दिवस पुलिस थाना किरनापुर के पुलिस अधिकारी कर्मचारी के द्वारा एक बैंक में चोरी के आरोप में गर्भवती निर्दोष महिला के साथ उसके पति को थाने में लेकर बेरहमी से अमानवीय मारपीट की गयी जिसकी शिकायत महिला के सामाजिक बंधुओं के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी की गई उचित कार्यवाही करने हेतु । इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल चार पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया गया और महिला अधिकारी के द्वारा विशेष जांच दल बैठाया गया । मरारमाली समाज के द्वारा सयुक्त रूप से विरोध स्वरूप पुलिस वालो के खिलाफ एफआईआर करने ,महिला को न्याय दिलाने के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया गया । इस शांति रैली में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा रेली के स्वरूप को बदला गया और थाने में घुसकर पथराव की स्थिति निर्मित की गई जिसमे आदोलनकारी को खदेड़ने दोनों पक्ष के बीच झड़प होने से दोनो पक्षों से लोग घायल हो गये । उपद्रवियों के इस कदाचरण पूर्वक कार्यों से किरनापुर थाने के द्वारा 27 वा अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण बनाकर न्यायालय में पेश किया गया जिससे माननीय न्यायालय द्वारा कुछ को जेल भेजा गया और कुछ को पुलिस रिमांड पर भेजा गया । ऐसा प्रतीक होता है जैसे किरनापुर थाने के द्वारा अपनी ईमानदार कार्यवाही के नाम पर या अपनी वाहवाही लूटने के नाम से निर्दोष लोगों पर कार्यवाही कर रही है।

मुनाफे का लालच देकर ठगे 1.69 लाख

जबलपुर। संजीवनी नगर निवासी युवक को साइबर ठग ने मुनाफे का लालच देकर 1.69 लाख रूपए ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर शालिनी ठाकुर 36 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल नम्बर पर मैसेज आया कि टास्क करने के बाद पैसा मिलेगा। उसके व्हाटसएप नंबर को टेलीग्राम ग्रुप में एड कर लिया जिसमें उसे कुछ टास्क दिये गये उसके द्वारा टास्क पूर्ण करने पर कमीशन के बतौर एक हजार रूपये दिये गये, फिर उसे टास्क करने के लिये कहा गया और कुछ पैसे डालने के लिये के लिये कहा गया, उसने अपने फोन पे नम्बर से दिये गये नंबरों पर कुल 13 ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1 लाख 69 हजार 800 रूपये डाला गया, जब उनके द्वारा 2 लाख रूपये और मांगे तो उसे शक हुआ कि उसके साथ टेलीग्राम के माध्यम से धोखाधड़ी की गई।



दोसर वैश्य सभा की कार्यकारिणी का गठन

नवभारत कटंगी। दोसर वैश्य शाखा सभा कटंगी की नई कार्यकारिणी का गठन एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों को दोसर वैश्य महासभा नागपुर के अध्यक्ष अश्विन गुप्ता द्वारा शपथ दिलाई गई। महिला मंडल द्वारा गणेश वंदना एवं स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।समारोह में समाज के सभी वरिष्ठ जनों का पुष्प हार पहनाकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात दोसर वैश्य महिला मंडल द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बाहर से आए अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर सिवनी, बालाघाट, तिरोड़ी, बम्हनी, भोमा, दिघोरी, नागपुर, सावनेर, शाहपुर, तुमसर से आए हुए समाज बंधु उपस्थित रहे।अंत में दोसर वैश्य शाखा सभा कटंगी के अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों एवं समाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

अग्नि हादसा : पीड़ित को पूर्व सांसद ने दी आर्थिक मदद



कटंगी नवभारत । महकेपार में नारायण कोठेकार के घर में आगजनी की घटना गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व सांसद बोधसिंह भगत पीड़ित परिवार के निवास पर पहुंचे।जहां उन्होने नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मानवता के नाते तत्काल पांच हजार रुपये की नगद आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में भी हर संभव सहयोग करने का वादा किया।इस दौरान उन्होंने प्रशासन से भी पीड़ित परिवार को शासन की योजनाओं के तहत सहायता दिलाने की बात कही।



पुलिस द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी गई सलाह

नवभारत, उकवा । कल पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रूपझर थाना प्रभारी कामेश धूमकेती एवं साथी स्टाफ द्वारा पुलिस चौकी बिठली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों को घर, मोहल्लों एवं ग्राम में स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दिया गया ।इसी के साथ स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल जाकर ईलाज करवाने, सायबर ठगों द्वारा ठगी करने के तरीके बताकर ठगों से सावधान रहने, नशामुक्ति के संबंध समझाइश दी गई । शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाकर योजनाओं का लाभ लेने समझाइश दी गई।

विकास कार्यों को पटरी पर लाने का किया श्रीगणेश : जायसवाल

नवभारत, वारासिवनी। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो मे इस साल भी गणेश उत्सव की रौनक देखी जा रही है। ग्राम ग्राम मे गजानन जी की स्थापना के साथ ही पंचमी से सांस्क्रतिक कार्यक्रमो की बहार सी आ गयी है। गत दिवस रात्रि मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने खैरलांजी व नवेगांव 3 के सार्वजनिक गणेश उत्सव में शामिल होकर समूचे ग्राम को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उत्सव के महत्व को रेखांकित किया।

नवेगांव 3 मे लंबोदर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद महाराष्ट्र की प्रसिद्ध शायरी में उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए प्रदीप जायसवाल ने कहा की इसका महत्व आजादी के पलों से भी जुड़ा हुआ है। जब अंग्रेजो की यातना का उस समय दौर चल रहा था, तभी पुणे में बाल गंगाधर तिलक ने देशभक्ति के लिये एकजुटता करने के लिए इस उत्सव की शुरुवात की थीं।

सांस्क्रतिक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री का भव्य स्वागत समिति के पदाधिकारियों में सर्वश्री महेश लिल्हारे, सन्दीप लिल्हारे, चूड़ामन डहारे, मुनेश चौधरी, राजेश लिल्हारे, परमेश्वर चौधरी, राधेलाल बहेटवार आदि ने किया।

इसी तरह खैरलांजी में गांधी चौक के राजा सिद्धिविनायक जी के दर्शन कर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिंह बहेटवार आदि ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के पहले अचानक तेज बरसात और फिर अचानक बारिश के रुक जाने के बाद चंद मिनटों में अपार भक्तों की उपस्थिति भी नवयुवक गणेश उत्सव समिति को भावविभोर कर गयी।

इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल ने प्रभावी शैली में कहा की जब उनके द्वारा नन्हे मुन्नों को केडब्रिज टॉफी दी जाती है। तब घर जाकर बच्चों के बताने पर माता पिता भी प्रसन्न हो जाते है। वैसे ही गजानन जी का पूजन करने के साथ ही देवो के देव महादेव व माता पार्वती भी प्रसन्न हो जाती है। पूर्व मंत्री ने जयकारों के बीच कहा की हमने खैरलांजी के लिये बहुत कुछ किया है।

अब फिर से विकास की गति को तेज करने के लिए हमने मुख्य मार्ग पर नए भाजपा कार्यालय के साथ श्रीगणेश कर दिया है।छत्तीसगढ़ लोक कला मंच के जय माँ कर्मा बालक जस झांकी जबरदस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री विनोद लिल्हारे अध्यक्ष, आर्यन बहेटवार, योगेंद्र मसखरे, कुणाल रैंनगडे, अनिकेत कर्पगये आदि का योगदान सराहनीय भी रहा।



सेवा संकल्प अभियान के तहत लामता में 33 व्यक्तियों ने किया रक्तदान

महावीर इंटरनेशनल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

नवभारत, बालाघाट। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लामता में 19 सितंबर को महावीर इंटरनेशनल के समन्वित सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 33 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए अपना योगदान दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शत्रुघन सिंह दाहिया के मार्गदर्शन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ लामता सरपंच श्री हुलासमल जैन ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का पुनीत कार्य है और इसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में मदद मिल सकती है।

इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सरपंच श्री हुलासमल जैन, बीएमओ डॉ. शुभम सैयाम, वन समिति अध्यक्ष श्री शत्रुघन असाटी, ब्लड बैंक काउंसलर श्रीमती श्यामा ढालेकर सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

रक्तदान करने वाले लोगों ने इसे अपने लिए सुखद और संतोषजनक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिया गया रक्त यदि किसी जरूरतमंद की जान बचाने में उपयोगी होता है तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। रक्तदाताओं ने आमजन से भी आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया।

खुशियां बांटी | छात्रावास के आदिवासी बच्चों के साथ नपाध्यक्ष ने मनाया आनंद

मोती उद्यान में चली छुक-छुक सतपुड़ा एक्सप्रेस ट्रॉय ट्रेन



नवभारत, बालाघाट। शहर मोती उद्यान मे नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नागरिकों के लिये बेहतर वातावरण के साथ ही सुविधाओं को भी विस्तृत किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 सितम्बर को ट्रॉय ट्रेन का शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने यह खुशी बालाघाट शहर के विभिन्न छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले आदिवासी बच्चों के साथ मनाई जहां उन्होंने ट्रॉय ट्रेन में बच्चों के साथ बैठकर उनके बीच खुशियां बांटी। इधर नगरवासियों में भी इस छुकछुक चलने वाली ट्रॉय ट्रेन का आकर्षण के साथ भरपूर उत्साह देखने को मिला।नपाध्यक्ष ने बताया कि आदिवासी वर्ग के बच्चे जो बालाघाट के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते है उनके लिये यह ट्रॉय निर्धारित दिनों में नि:शुल्क रहेगी।

बालाघाट शहर के मोती उद्यान एवं तालाब परिसर में सैरसपाटे के लिये नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा व्यापक कार्ययोजना के तहत काम किया गया है। उद्यान में विभिन्न प्रजाति के आकर्षक पौधों के साथ ही बच्चों के झूले, ओपन जिम की नवीनतम सामग्री एवं स्वस्थ्य मनोरंजन का माहौल निर्मित हुआ है। अब तक अभिभावकों के पास बच्चों को घुमाने के लिए सीमित विकल्प थे। किंतु 20 सितम्बर को आकर्षक रूप से सजाकर ट्रॉय ट्रेन का विधिवत शुभारंभ किया गया है।

पहली बार देखी आदिवासी बच्चों ने ट्रेन

ट्रॉय ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने इस खुशी को आदिवासी बच्चों के साथ आनंदपूर्वक साझा किया। बालाघाट शहर के अंग्रेजी माध्यम छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को सुविधापूर्वक उनके शिक्षकों के साथ मोती उद्यान में लाया गया था, जहां बच्चों को नपाध्यक्ष ने ट्रॉफी एवं बिस्कीट भी खिलाई गई। उद्यान में इन बच्चों को भरपूर मनोरंजन कराया गया। नपाध्यक्ष ने बताया कि माह के दो दिन इन बच्चों को उद्यान में सैरसपाटे के लिये विशेष प्रयोजन होगा, जबकि ट्रॉय ट्रेन की सवारी इन बच्चों को नि:शुल्क कराई जायेगी। छात्रावास के शिक्षकों ने बताया कि जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचल में रहने वाले यह बच्चे अंग्रेजी माध्यम छात्रावास में रहकर स्कूली पढ़ाई करते है, 100 में से 7 आदिवासी बच्चे ऐसे थे जिन्होंने पहली बार कोई ट्रेन देखी है, ट्रॉय ट्रेन की सवारी कर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भरपूर आनंद उठाया।



एसडीएम ने पकड़ी चोरी की रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली

नवभारत कटंगी। सितंबर क्षेत्र में अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रशासन अब एक्शन मोड में है। शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय सिंह यादव ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। एसडीएम विजय सिंह यादव सघन जांच अभियान पर थे। इसी दौरान नांदी पेट्रोल पंप के पास एक बिना नंबर प्लेट का ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में रेत परिवहन करते मिला। एसडीएम ने वाहन को रुकवाकर चालक से रॉयल्टी पर्ची और ई-टीपी दस्तावेज मांगे लेकिन चालक कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाया। अवैध परिवहन पाए जाने पर एसडीएम ने तत्काल कटंगी और तिरोड़ी तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले को मौके पर बुलाया। प्रशासनिक टीम ने पंचनामा तैयार कर वाहन को जप्त किया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना कटंगी को सौंप दिया। एसडीएम विजय सिंह यादव ने कहा कि कटंगी और तिरोड़ी क्षेत्र में अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोकने के लिए प्रशासन का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के बाद अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।